जयपुर में अस्थाई रैन बसेरों का संचालन शुरू

जयपुर। प्रदेश के कई इलाकों में गुलाबी सर्दी की शुरुआत के साथ ही राजधानी जयपुर में बेघर और आश्रयहीन लोगों को राहत देने के लिए अस्थाई रैन बसेरों का संचालन शुरू कर दिया गया है। सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वाले जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है।

नगर निगम की ओर से गांधी नगर रेलवे स्टेशन, रामनिवास बाग, मालवीय नगर, बांगड़ अस्पताल परिसर, जगतपुरा रेलवे स्टेशन और शास्त्री नगर सहित शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों और अस्पतालों के आसपास अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था की जा रही है। इन आश्रय स्थलों पर ठहरने वाले लोगों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारियां की जा रही हैं।

रैन बसेरों के संचालन से बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को ठंड के मौसम में सुरक्षित छत मिल सकेगी। साथ ही, रात के समय खुले में सोने को मजबूर लोगों को सर्दी के प्रकोप से बचाने में मदद मिलेगी। नगर निगम की ओर से इन व्यवस्थाओं को सुचारु रखने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद लोग इनका लाभ उठा सकें।

सस्ता आईफोन दिलाने का झांसा देकर 1.45 लाख रुपए ठगने वाला गिरफ्तार

सोशल मीडिया पर सस्ते इलेक्ट्रॉनिक सामान का लालच देकर ऐंठता था एडवांस राशि

जयपुर। सस्ते दाम पर आईफोन दिलाने का झांसा देकर 1 लाख 44 हजार 999 रुपए की ऑनलाइन ठगी करने के आरोपी शोएब अहमद को पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से सस्ते आईफोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने का झांसा देकर लोगों से अग्रिम राशि वसूलता था और बाद में सामान की आपूर्ति नहीं करता था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि ऑनलाइन ठगी की वारदातों पर अंकुश लगाने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। जिसके चलते पत्रकार कॉलोनी थानाधिकारी कविता यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी सहायता से आरोपी शोएब अहमद (42) निवासी चित्तौड़गढ़ को



ऑनलाइन ठगी करने के आरोपी शोएब अहमद को पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ चित्तौड़गढ़, कोटा, गाजियाबाद और बरेली के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी, चिटफंड और आईटी एक्ट के तहत करीब सात मामले पहले से दर्ज हैं।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया पर सस्ते आईफोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने का विज्ञापन देकर ग्राहकों से अग्रिम राशि मंगवाता था। इसके बाद अलग-अलग स्टोर से सामान की डिलीवरी लेने का झांसा देकर उन्हें गुमराह करता था।

पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। आशंका है कि पूछताछ में अन्य राज्यों में की गई ठगी की वारदातों

- आरोपी के खिलाफ राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सात मामले दर्ज

का भी खुलासा हो सकता है।

इस कार्रवाई में एएसआई रामधन, कांस्टेबल मुकेश कुमार, श्योपाल, दिनेश कुमार और तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल लोकेश शामिल रहे।

थानाधिकारी कविता यादव के अनुसार 11 अगस्त 2026 को सुनीता बागड़ा ने पत्रकार कॉलोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शोएब नाम के व्यक्ति ने उन्हें सस्ते दाम पर आईफोन उपलब्ध कराने का झांसा दिया और 1,44,999 रुपये लेने के बाद भी मोबाइल नहीं दिया। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल करते हुए आरोपी शोएब अहमद को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

टीन मिस राजस्थान के ऑडिशन में 800 गर्ल्स ने पेश की दावेदारी

जयपुर। राजस्थान की किशोरियों को अपनी प्रतिभा और हुनर दिखाने का मंच देने के उद्देश्य से आयोजित प्रदेश के पहले टीनएज ग्रुप स्टेट पेजेंट टीन मिस राजस्थान का जयपुर ऑडिशन भव्य रूप से आयोजित हुआ। इसमें राजस्थान के विभिन्न शहरों और कस्बों से 13 से 19 वर्ष की 800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर प्रतिष्ठित खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश की। आयोजन में प्रतिभागियों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में पहुंचे और बेटियों का उत्साहवर्धन किया।

पेजेंट की फाउंडर डायरेक्टर एकता जैन और सूर्यांश मिश्रा ने बताया कि यह राजस्थान का पहला टीनएज ग्रुप पेजेंट मंच है। इसके माध्यम से 13 से 19 वर्ष की किशोरियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। चयनित प्रतिभागियों को बिना किसी शुल्क के फैशन और पेजेंट जगत के विशेषज्ञों द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें व्यक्तित्व विकास, संवाद कौशल, मंच पर प्रस्तुति और मॉडलिंग जैसे विषय शामिल होंगे। ऑडिशन के जूरी पैनल में मिस राजस्थान की आयोजक निमिषा मिश्रा, फाउंडर डायरेक्टर एकता जैन, मिस राजस्थान 2026 विजेता श्रीजा गुप्ता, रनरअप सुहानी जैन, कुसुम सोनी और निहारिका माथुर शामिल रहीं।

सार-समाचार

'शांति को जन-जन तक पहुंचाने में जैन धर्म का बड़ा योगदान'



जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार को टोंक जिले की नगरपालिका निवाई पहुंचे। जहां बागडे जैन संत आचार्य सुंदर सागर जी महाराज के50वें स्वर्णिम जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल बागडे ने कहा कि जैन धर्म अहिंसा,आत्मसंयम और त्यागशील जीवन जीने की सीख देता है। भगवान महावीर स्वामी ने संयम और सरलता को जीवन का आदर्श रुप बताया है। शांति और अहिंसा को जन-जन तक पहुंचाने में जैन धर्म का बहुत बड़ा योगदान है। यह जीवित प्राणियों में अनुशासित और आत्मिक शुद्धता पर जोर देता है। राज्यपाल बागडे ने जैन श्रद्धालुओं से कहा कि सनातन संस्कृति में गौमाता की सेवा को सबसे बड़ा और पुण्यकारी माना गया है। जैन धर्म गौमाता की देखभाल,गौशालाओं में आर्थिक दान,चारे की व्यवस्था और संरक्षण में भी अग्रणी है। उन्होंने आचार्य सुंदर सागर जी महाराज और अन्य साधु साध्वियो को प्रणाम निवेदित किया और उनका आशीर्वाद लिया।

एक साल से फरार दस हजार रुपए का इनामी लुटेरा गिरफ्तार



जयपुर। जयपुर पुलिस आयुक्तालय की ओर से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की खोह नागोरियान थाना पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी अपराधी अशफाक हुसैन उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया है। आरोपी माणक चौक थाने में दर्ज लूट के एक मामले में वांछित था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि नागोरियान थाना पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी अपराधी अशफाक हुसैन उर्फ लक्की को (36) निवासी बरोनी जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ माणक चौक थाने में प्रकरण दर्ज है। इस प्रकरण में वह पिछले एक साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

समवशरण विधान में विराजमान होंगे 24 भगवान

जयपुर। मानसरोवर के मीरामार्ग स्थित आदिनाथ भवन में चातुर्मास कर रहे निर्यापक श्रमण विलोक सागर महाराज, मुनि विबोध सागर महाराज के सानिध्य में अष्टानिका महापर्व पर 24 समवशरण विधान का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 16 नवंबर को प्रात: 7 बजे आदिनाथ मंदिर से घट यात्रा से होगी। घट यात्रा में बैंड-बाजे के साथ श्रीजी को 24 भक्त सिर पर लेकर और सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर चलेंगी। जुलूस में मुनि संघ का सानिध्य भी प्राप्त होगा। पांडाल में पहुंचने के बाद श्रीजी का अभिषेक और पांडाल शुद्धि होगी। ध्वजारोहण दीक्षांत हाडा करेंगे। आठ दिन चलने वाले इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु धर्म लाभ लेंगे। 17 नवंबर से 25 नवंबर तक चलने वाले इस अष्टानिका महापर्व में धर्म, भक्ति और आध्यात्म की झलक देखने को मिलेगी

मुखर्जी कॉलोनी में स्नेह मिलन समारोह आयोजित

जयपुर। शास्त्रीनगर की मुखर्जी कॉलोनी में पार्षद दिवाली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजक पार्षद ज्ञानचंद खंडेलवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ थे। उन्होंने सभी पार्षदों से आव्हान किया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे। विशिष्ट अतिथि महापौर सुनील कोठारी ने जयपुर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए पार्षदों से रोड मैप बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, भाजपा महामंत्री संगठन महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, जिला अध्यक्ष अमित गोयल, डॉ अपूर्व सिंह, भाजपा नेता चंद्र मोहन बटवाडा सहित कई पार्षद उपस्थित रहे।

सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन सात दिसंबर को

जयपुर। जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर सामाजिक एकता, समरसता और सहयोग की भावना को साकार करने की दिशा में ब्राह्मण महिला परिषद एवं सुफल फाउंडेशन एक सराहनीय पहल करने जा रहे हैं। संस्था के तत्वावधान में आगामी 7 दिसंबर को जन उपयोगी भवन, जवाहर नगर, सेक्टर-3 में सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर हाथोज धाम स्थित श्री दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर प्रांगण में स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया। संस्था की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए सोने-चांदी के आभूषण सहित लगभग 50 प्रकार के उपहार दिए जाएंगे। इस अवसर पर एडवोकेट गीता शर्मा (प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष), वीणा शर्मा (उपाध्यक्ष), कृष्ण श्रृंगी (महामंत्री), कल्पना शर्मा (वार्ड अध्यक्ष), हेमलता शर्मा, अरुणा शर्मा, विकास शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

स्कॉर्पियो से कार की भिड़ंत में 5 घायल

निवाई। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर मूंडिया बायपास पर शनिवार रात दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें 5 जने घायल हो गए। सभी घायलों को निवाई सदर पुलिस ने राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों के सहयोग से उप जिला अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जयपुर रैफर कर दिया गया। गुंसी चौकी प्रभारी हरीमन मीणा ने बताया कि शुजालपुर जिला शाहजहांपुर मध्यप्रदेश निवासी शब्बीर खान मंसूरी पुत्र बफाती, तौफीक खान पुत्र अब्दुल हमीर पठान, नफीस खां पुत्र हाफिज पठान, मोहम्मद नौशाद एवं मजीद खान पुत्र हबीब पठान कार में सवार होकर जयपुर की ओर जा रहे थे।

मैरिज गार्डन में मामूली विवाद पर युवक के पेट में घोंपी कैंची

जयपुर। ज्योति नगर थाना क्षेत्र स्थित एक मैरिज गार्डन में शनिवार रात मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने दूसरे के पेट में कैंची घोंप दी। कैंची से दो वार किए जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

ज्योति नगर थानाधिकारी गुंजन वर्मा के अनुसार शास्त्री नगर के नाहरी का नाका निवासी आमिर अहमद (28) शादी समारोहों में तंदूर लगाने का काम करता है। शनिवार शाम वह अपने साथी अंसार और मोहम्मद ग्यास के साथ वेदा मैरिज गार्डन में काम करने गया था। यहां गोपाल नाम का व्यक्ति फूलों की सजावट का काम कर रहा था।

रात करीब आठ बजे काम के दौरान गोपाल खाने में डालने वाले रंग की डिब्बी उठा ले गया। इस बात को लेकर आमिर और गोपाल के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर गुस्साए गोपाल ने हाथ में मौजूद कैंची से आमीर के पेट पर दो वार कर दिए। हमले में आमिरलहूलुहान होकर जमीन पर गिर

- विवाद बढ़ने पर गुस्साए गोपाल ने हाथ में मौजूद कैंची से आमीर के पेट पर दो वार कर दिए। हमले में आमिरलहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा
- एसएमएस अस्पताल में भर्ती, आरोपी गोपाल फरार

पड़ा।

वारदात के बाद आरोपी गोपाल मौके से फरार हो गया। गार्डन में काम कर रहे साथियों ने आमिर को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल पहुंचाया।

मेडिकल सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने घायल के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

श्री बद्रीनाथ शीतकालीन दर्शन महोत्सव आज से

जयपुर। श्री बद्रीनाथ धाम नटवाड़ा में आयोजित दो दिवसीय श्री बद्रीनाथ शीतकालीन दर्शन महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल जाट, विधायक रामसहाय वर्मा, पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा व भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा , महामंत्री घनश्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष भंवरलाल जाट, उपाध्यक्ष बद्री विजय सहित श्री बद्रीनाथ धाम प्रबंध एवं विकास समिति ट्रस्ट नटवाड़ा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं भक्तगण मौजूद थे। श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट शीतकाल में 6 माह बंद रहते है। जिस पर बद्रीनाथ धाम के दर्शनों के लिए एकमात्र विकल्प श्री बद्रीनाथ धाम नटवाड़ा ही है। यहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन दर्शन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर सोमवार को अभिषेक पूजन एवं अर्चन, अलौकिक श्रृंगार दिव्य दर्शन, दोपहर 2:15 बजे संगीतमय सुन्दर काण्ड पठन व सायं 5:15 बजे महाआरती होगी।

ग्राम विकास से साकार होगा विकसित राजस्थान का संकल्प : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार की ग्राम विकास की अवधारणा केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की दूरगामी सोच पर आधारित है। गांवों में आधारभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, तकनीक और शहरी सुविधाओं का विस्तार करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। इससे गांवों से शहरों की ओर होने वाले पलायन पर प्रभावी अंकुश लगेगा और विकसित राजस्थान के संकल्प को मजबूती मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला स्वयं सहायता समूहों को 1,000 करोड़ रुपए की आजीविका सहायता तथा 10,000 करोड़ रुपए से अधिक का बैंक ऋण उपलब्ध कराने का प्रस्ताव ग्रामीण

- भजनलाल सरकार विकसित गांव,समृद्ध किसान,सशक्त महिला और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के साथ बढ़ रही आगेः मदन राठौड़

अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा। प्रदेश की 25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने और 20 हजार डेयरी सहकारी समितियां स्थापित करने की योजना से महिलाओं की आय बढ़ेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राठौड़ ने कहा कि गांवों में शिक्षा और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार भी विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक उच्च माध्यमिक विद्यालय, इंटरनेट सुविधा और अटल ज्ञान केंद्र विकसित करने का संकल्प भाजपा सरकार ने लिया है। इसके साथ ही 15 हजार स्कूल भवन, 35 हजार अतिरिक्त कक्षाएं और 20 हजार शौचालयों के निर्माण की घोषणा ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिणक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। पंचायत स्तर पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, जांच सुविधाओं, दवाइयों और टेलीमेडिसिन सेवाओं को मजबूत करने की योजना बनाई गई है। इसके अतिरिक्त पात्र विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं की पेंशन 1,500 रुपए प्रतिमाह करने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की सहायता 5,000 रुपए से बढ़ाकर 8,000 रुपए करने तथा 20 लाख निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का संकल्प समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को सुरक्षा प्रदान करेगा।

शिल्प कलाओं के 3214 कारीगरों का डिजिटल जिओटागिंग

जयपुर। गुलाबी नगरी की पहचान उसकी ऐतिहासिक इमारतों और पर्यटन के साथ-साथ यहां की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा से भी है, लेकिन इन कलाओं को जीवंत रखने

- एग्जीबिशन सीन एट लास्ट में जयपुर के हुनरमंद कारीगरों को मिला मंच

वाले कारीगर अक्सर पहचान और उचित मंच से वंचित रह जाते हैं।

इसी अंतर को दूर करने के उद्देश्य से जयपुर में पले-बढ़े तीन युवा सह-संस्थापक तिरशिव ओहलान, समरवीर सिंह शेखावत और अनिका सिंह ने इस पहल कारीगर की शुरुआत की। उनका उद्देश्य राजस्थान की पारंपरिक कलाओं को संरक्षित करने के साथ उन कारीगरों को पहचान दिलाना है, जिनके हुनर से जयपुर की सांस्कृतिक पहचान बनी हुई



''सीन एट लास्ट'' प्रदर्शनी का उद्घाटन डायरेक्टर, राजस्थान टूर के मधुवंती सिंह ने किया।

है। अब इसी उद्देश्य के अंतर्गत सीन एट लास्ट' नाम से विशेष प्रदर्शनी रविवार को जयपुर में बानी पार्क स्थित कृपाल कुंभ में आयोजित की गई। जिसका विधिवत उद्घाटन डायरेक्टर, राजस्थान टूर के मधुवंती सिंह ने किया। इनके अलावा, जयपुराइट्स के साथ राजस्थान सरकार के समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष, अर्चना शर्मा; सवाई मानसिंघ म्यूजियम ट्रस्ट की डायरेक्टर, रामा दत्त और फॉर्मर विधान सभा स्पीकर, दीपेंद्र सिंह भी शामिल हुए।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

जयपुर। आरोग्य परमार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में डिग्गी कल्याण जी धाम एवं लावा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नर सेवा ही नारायण सेवा के उद्देश्य को लेकर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 394 रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया गया। समिति के सचिव एडवोकेट रमाकांत शर्मा एवं लक्ष्मीचंद शर्मा ने बताया कि डिग्गी एवं ग्राम पंचायत लावा में शिविर में डॉ. प्रिंस लदाणा एवं भरत शर्मा द्वारा दूर दराज से आए कमर, घुटने दर्द एवं सर्वाइकल के रोगियों ने का नि:शुल्क उपचार किया गया। इस दौरान लावा में करीब 67 रोगियों का उपचार किया गया। इसके पश्चात शाम को डिग्गी कल्याण जी के मंदिर में पुलिस ग्राम रक्षक सुरेंद्र शर्मा पूर्व उप सरपंच शर्मा गिरिराज शर्मा ब्रजराज शर्मा, जसवंत जैन एवं कालू शर्मा ने डॉ. प्रिंस लदाणा एवं भरत शर्मा को माला एवं श्री कल्याण जी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

अहिंसा व आत्मसंयम ही जीवन को सार्थक बनाते हैं: सुंदर सागर

जयपुर। बीकॉम व कंप्यूटर जैसी आधुनिक शिक्षा हासिल करने के बाद कोई युवा करियर व सांसारिक उपलब्धियों की राह चुनने के बजाय आत्मकल्याण के लिए घर-परिवार छोड़ दे तो यह बदलाव सहज नहीं होता। दिल्ली के प्रदीप कुमार जैन का जीवन इसी वैराग्य व आत्मखोज की यात्रा का उदाहरण है। वर्तमान में सुंदर सागर महाराज के रूप में पहचाने जाने वाले आचार्य का रविवार को 50वां अवतरण दिवस आयोजित मनाया गया।

करीब तीन दशक की साधना में तप, स्वाध्याय, साहित्य व धर्मसंघ के मार्गदर्शन को जीवन का उद्देश्य बनाया। उनका जीवन केवल तपस्या की कहानी नहीं, बल्कि आधुनिक शिक्षा से आत्मचिंतन, गृहस्थ जीवन से त्याग व व्यक्तिगत साधना से समाज को दिशा देने तक का सफर रहा है। 9 नवंबर 1976 को दिल्ली के पहाड़ी धीरज, सदर बाजार में जन्मे प्रदीप कुमार जैन ने बीकॉम व कंप्यूटर की शिक्षा हासिल की। सामान्य गृहस्थ जीवन व आधुनिक शिक्षा के बीच उनमें धर्म, अध्यात्म व जीवन के वास्तविक उद्देश्य को जानने की जिज्ञासा विकसित हुई। 14 साल की उम्र में पहली बार आचार्य सन्मती सागर महाराज के दर्शन के बाद से ही उनके प्रति श्रद्धा जाग गई थी।

भौतिक सुख-सुविधाओं से आगे आत्मा के शाश्वत स्वरूप को समझने की भावना ने उन्हें वैराग्य की दिशा में प्रेरित किया। यही बदलाव आगे चलकर उनके जीवन का निर्णायक मोड़ बना। 16 जुलाई 1996 को उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद में तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज के सान्निध्य में प्रदीप कुमार जैन ने जैनेश्वरी मुनि दीक्षा ग्रहण की। इस दीक्षा के साथ उन्होंने गृहस्थ जीवन का त्याग कर दिगंबर श्रमण परंपरा के नियम अंगीकार किए। आचार्य सन्मति सागर उनके दीक्षा गुरु रहे।

प्रदेश कांग्रेस और आरएलपी के बीच बढ़ रही राजनीतिक दूरियां, लोकसभा चुनाव का गठबंधन टूटा ?

जयपुर । पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बीच आपस में जो गठबंधन हुआ था, वह गठबंधन अब कहीं ना कहीं टूट गया है, प्रदेश में जब से पंचायत राज संस्था के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई, तब से ही चुनाव प्रचार में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संरक्षक तथा नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के बीच आपस में जोरदार जुबानी जंग सुनने को मिल रही है जिसमें दोनों ही नेता एक दूसरे पर कभी हास्यास्पद बयान दे रहे हैं, तो कभी दोनों ही नेता एक दूसरे को चिढ़ाने वाले बयान और कभी-कभी एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाने वाले बयान दे रहे हैं, जिससे एक तरफ जहां प्रदेश की जाट राजनीति काफी गर्म हो गई है, तो दूसरी तरफ कहीं ना कहीं लोकसभा चुनाव में

- प्रदेश में पंचायत राज संस्था के चुनाव में प्रचार के दौरान गोविंद सिंह डोटासरा और हनुमान बेनीवाल की जुबानी जंग से एक तरफ जहां जाट राजनीति गर्म हो गई है, तो दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बीच आपस में हुआ गठबंधन कहीं ना कहीं अब टूट गया है

कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बीच आपस में जो दोस्ती का सिलसिला शुरू हुआ था, वह दोस्ती अब टूट गई है बड़ी बात यह है कि डोटासरा और बेनीवाल दोनों ही जाट बिरादरी के नेता हैं, और इन दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से जाट समाज में अपने वर्चस्व की लड़ाई भी चल रही है, लेकिन पंचायत राज संस्था के चुनाव में जिस तरह से दोनों ही नेता एक दूसरे के खिलाफ जहर उगल रहे हैं, उससे राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भले ही लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जीत के रथ को रोकने के लिए कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने आपस में नागौर में दोस्ती कर ली हो लेकिन अब यह बिल्कुल भी नहीं लग रहा कि वर्ष 2028 के विधानसभा और वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में दोनों दल साथ मिलकर भाजपा का मुकाबला करेंगे, क्योंकि पंचायत राज संस्था के चुनाव में डोटासरा और बेनीवाल ने एक दूसरे के खिलाफ जो बयान बाजी की है, ऐसी बयानबाजी दोनों नेताओं के मुंह से पहले कभी सुनने को नहीं मिली राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं कि शायद ही अब आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में इन दोनों दलों के बीच आपस में दोस्ती हो

जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश की राजनीति में जाट समाज का शुरू से ही प्रभाव रहा है, भाजपा तथा कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दल विधानसभा चुनाव में जाट समाज के लोगों को ज्यादा टिकट भी देते रहे हैंइसलिए अब जिस तरह से डोटासरा और बेनीवाल दोनों जाट नेताओं के बीच आपस में जोरदार टकराव के हालात बने हुए हैं, उसे देखते हुए जाट समाज में भी इन दोनों नेताओं के आपस की लड़ाई काफी चर्चा का विषय बनी हुई हैं। हालांकि हनुमान बेनीवाल की पार्टी का एक भी विधायक अभी राजस्थान विधानसभा में सदस्य नहीं है, हनुमान बेनीवाल भी पिछला लोकसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी के समर्थन से ही जीत पाए थे, पिछले लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बड़े लीडर उम्मेदाराम बेनीवाल कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर लोकसभा चुनाव में बाड़मेर जैसलमेर से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े, और चुनाव जीते भी तो दूसरी तरफ नागौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी ने हनुमान बेनीवाल को लोकसभा चुनाव में पूरा समर्थन दिया जिसमें बेनीवाल चुनाव जीत भी गए, लेकिन इसके बाद राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कई और बड़े नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए जिससे कहीं ना कहीं बेनीवाल की कांग्रेस पार्टी से नाराजगी ज्यादा हो गई।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर क्रो दी जैक्सन को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी ऑफ़ द एम्प्लाय ऑफ़ रेलवे लिमिटेड द्वारा अरावली सभागार, गणपति नगर, जयपुर में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में लगभग 300 विद्यार्थी एवं अभिभावक शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत्येंद्र यादव एवं नितेश कुमार मीणा ने कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, परा स्नातक एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सोसाइटी मे अंशधारक रेल अधिकारियों /कर्मचारियों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बच्चों को मेहनत, अनुशासन एवं लगन के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सोसाइटी पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था सदस्यों के आर्थिक हितों के साथ-साथ उनके परिवार एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रतिबद्ध है।

मुरलीपुरा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक संपन्न

जयपुर। वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी एवं दिव्य अखंड दीप शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आगामी 25, 26 एवं 27 दिसंबर को मुरलीपुरा स्थित तोंदवाल चैतन्य तीर्थ में आयोजित होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा चेतना शिविर की तैयारियों को लेकर रविवार को दादी का फाटक स्थित राधा कृष्ण शिव मंदिर में कार्यकर्ता गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी का शुभारंभ वेदमाता गायत्री एवं गुरुसत्ता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, गायत्री मंत्रोच्चार एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। गायत्री परिवार जयपुर जोन के समन्वयक सुशील शर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए आयोजन की रूपरेखा एवं विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आयोजन के माध्यम से गुरुसत्ता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं में संस्कार, सेवा, साधना और राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए

- 25 से 27 दिसंबर तक तोंदवाल चैतन्य तीर्थ में होगा तीन दिवसीय आयोजन

सभी कार्यकर्ताओं को अभी से सक्रिय होकर जुटना होगा।

प्रहलाद शर्मा ने आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टोलियां गठित करने पर जोर दिया। महेंद्र कुमार ने एक से 24 दिसंबर तक लगातार चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। हेमंत चतुर्वेदी ने साधना के माध्यम से शक्ति अर्जन करने का आव्हान किया, वहीं हेमंत मिश्रा ने युवा चेतना शिविर की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। बैठक में आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित एक दर्जन समितियों का गठन किया गया तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।